# देश-दुनिया के निवेशकों के लिए खुले हैं दरवाजे

**सीएम ने एमएसएमई इकाइयों को 169 .57 करोड़ अंतरित करते हुए कहा-**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 30 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है.**

उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है. देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं. हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मप्र भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है. एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे. डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की. मुख्यमंत्री को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का चेक भेंट किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत हितलाभ वितरण भी किए.

### वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वाराणसी में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026, में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेंगे. इस सम्मेलन में दोनों राज्यों की प्रमुख ताकतें एक साथ सामने आएंगी और उत्पादन, बाजार तथा पहचान से जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित संवाद स्थापित होगा. सम्मेलन में उद्योग, शिल्प, निवेश और पर्यटन से जुड़े हितधारक एकत्रित होंगे, जहां व्यावहारिक सहयोग, बाजार विस्तार और साझा पहल पर चर्चा का स्पष्ट स्वरूप दिखाई देगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वाराणसी यात्रा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां तीर्थ क्षेत्र में विकसित क्राउड फ्लो मैनेजमेंट, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जाएगा. यह अनुभव धार्मिक पर्यटन स्थलों के सुव्यवस्थित विकास और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली को समझने का आधार बनेगा. इसके बाद एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन स्थल पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा.



# अचानक बदला मौसम कई जिलों में तेज हवाएं

**3 से 4 दिनों तक सक्रिय रहेगा मौसम**

**भोपाल, 30 मार्च. मध्य प्रदेश में सोमवार को मौसम में अचानक बदलाव दिखायी दिया. भोपाल, बैतूल, मैहर, श्योपुर, मंदसौर और नीमच में तेज बारिश हो रही है, जबकि नीमच में ओलावृष्टि दर्ज की गई.**

इंदौर, उज्जैन और धार में बादल छाए हुए हैं और यहां भी बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार यह सिस्टम अगले 3 से 4 दिनों तक सक्रिय रहेगा. मौसम विभाग ने छह जिलों खंडवा, बैतूल, देवास, नीमच, श्योपुर और खरगोन—में आंधी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा छिंदवाड़ा, रतलाम, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा और अनूपपुर (अमरकंटक) सहित दस से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की सक्रियता के कारण प्रदेश में मौसम में यह बदलाव आया है. रविवार को ग्वालियर और आसपास के जिलों में हल्की बूंदाबांदी देखी गई थी, जो इस सिस्टम के सक्रिय होने का संकेत था. यह सिस्टम 30 मार्च से पूरे प्रदेश में प्रभावी है और सागर, रीवा और शहडोल संभाग सहित अधिकांश इलाकों में 2 अप्रैल तक मौसम बदलता रहेगा.

> खरगोन जिले के झिरनिया क्षेत्र में शाम करीब 4 बजे से तेज बारिश हुई और चने-बेर के आकार के ओले गिरे. किसान अरविंद जायसवाल के अनुसार गोराडिया, खो, अपरवेदा और नेमित इलाकों में भी ओलावृष्टि हुई, जिससे देरी से बोए गए गेहूं की फसल को नुकसान का खतरा बढ़ गया है. उज्जैन जिले के बड़नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बारिश और कई जगह ओलावृष्टि दर्ज की गई.

## एक नजर में

### हथियार के साथ सोशल मीडिया पर डाले फोटो

**भिंड.** जिले में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ अपने फोटो और वीडियो वायरल करने के बाद पुलिस अब उसकी तलाश में जुट गई है. एक युवक द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप स्टेटस पर हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो अपलोड किए गए हैं जो तेजी से वायरल हो रहे हैं. हालांकि यह फोटो-वीडियो कब और किस समय के हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है. संबंधित युवक देहात थाना क्षेत्र के बिजपुरी गांव का निवासी बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि युवक का गांव के कुछ लोगों से पुराना विवाद भी चल रहा है.

### युवक ने किया थाने में फांसी लगाने का प्रयास

**शिवपुरी.** जिले के पिछोर थाने के बोर्ड से एक युवक ने अपनी कुछ विचित्र मांगों को लेकर रस्सी डालकर फांसी लगाने की कोशिश की. समय रहते पुलिस ने उसे रोक लिया. ग्राम चौमुहा निवासी सुनील यादव (35) ने कल शाम पिछोर थाने के बोर्ड पर रस्सी डालते हुए आत्महत्या करने की कोशिश की. पुलिस ने उसे रोक कर थाने ले जाकर उससे कारण पूछा. इस पर युवक ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में बिजली और पानी की समस्या है, जिससे उसकी पालतू भैंसों को जान का खतरा है. इसके साथ ही उसने गैस सिलेंडर की किल्लत को भी कारण बताते हुए फांसी लगाने की बात कही.

# कांग्रेस ने की संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 30 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है.**

संगठनात्मक अभियान के तहत सात नगर अध्यक्षों और सात जिलों के 29 विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी की स्थानीय स्तर पर पकड़ मजबूत करना और जनता के बीच पहुंच बढ़ाना है.

संगठन महासचिव डॉ संजय कामले ने बताया कि अब तक 170 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्षों की सूची जारी की जा चुकी है, जबकि शेष क्षेत्रों में भी जल्द नियुक्तियां की जाएंगी.

उन्होंने कहा कि ब्लॉक और मंडलम स्तर पर कार्यकारिणी गठन का कार्य तेजी से चल रहा है तथा नव-नियुक्त पदाधिकारियों के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

पार्टी नेताओं ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन को मजबूत करने और प्रदेशभर में राजनीतिक गतिविधियों को गति देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.

# एमएसपी पर गेहूं खरीदी की तैयारी पूरी

## कैबिनेट समिति ने की वीसी के माध्यम से खरीदी व्यवस्था की समीक्षा

**इंदौर, भोपाल मे 10 से शुरू होगी खरीदी**

**बाकी संभागों में 15 से खरीदी**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 30 मार्च. राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 0गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं.**

इस संबंध में सोमवार को कैबिनेट समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा. प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल से शुरू होगा. सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है.

> बैठक में वैश्विक परिदृश्य, विशेष रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई. समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो.

# 1 अप्रैल से शुरू होगा 'स्कूल चलें हम' अभियान

**4 तक इस अभियान में आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां**

**भोपाल, 30 मार्च. प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे "स्कूल चलें हम"अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे।**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में



विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सैकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

### राज्य स्तरीय आयोजन

"स्कूल चलें हम" अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा।

> "स्कूल चलें हम" अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे।

कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित स्कूलों में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा।

### नेतृत्व की शुरुआत कॉलेज स्तर से होती है

**भोपाल, 30 मार्च.** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमीनी नेतृत्व और लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया. मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधायकों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में लोकतांत्रिक मूल्यों, विधानसभा की कार्यप्रणाली और प्रभावी जनसेवा पर चर्चा की गई. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# जनगणना के प्रगणक हुए प्रशिक्षित

**सिरमौर 30 मार्च,** जनपद पंचायत सिरमौर के सभागार मे जनपद पंचायत सिरमौर के सचिव, रोजगार सहायक एवं विकाखंड सिरमौर के शिक्षक व प्रगण को नायब तहसीलदारललन सिंह, नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी बीरेंद्र प्रसाद मिश्र से रूबरू होते हुए बताया गया की के जनगणना के प्रगण को को प्रशिक्षण सामान्य निर्देश व जानकारी 3 बैच मे बुलाकर प्रशिक्षित किया जा रहा है की जनगणना में कर कैसे करना होगा एक-एक घर में जाकरजानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन आपलोड कर शासन के निर्देशानुसार कार्य को पूर्ण करेंगे किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें यदि कार्य मे लापरवाही जिस प्रागणक की






सामने आई गी तो उसके प्रति कार्यवाही की जा सकती हैं.

# उप महाप्रबंधक ने औद्योगिक संबंधों को नव आयाम दिए है : रजनीश

## एनसीएल से आज 43 कर्मी हो जाएंगे सेवानिवृत्त, उपमहाप्रबंधक आज हुये सेवानिवृत्त




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 मार्च। मार्च माह में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से 5 अधिकारी और 38 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।एनसीएल मुख्यालय से राजेश चौधरी उप महाप्रबन्धक, लक्ष्मीकान्त पाण्डेय लेखाकार, आंतरिक अंकेक्षण एवं दलजीत सिंह कार्यालय अधीक्षक, केंद्रीय चिकित्सालय सिंगरौली सेवानिवृत्त हुए।**

इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के निदेशक रजनीश नारायण ने कहा कि राजेश चौधरी ने औद्योगिक संबंधों को नव आयाम दिए हैं, साथ ही युवा मानव संसाधन प्रबंधकों के लिए एक अनुकरणीय विरासत छोड़कर जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों द्वारा कंपनी की सफलता में दिए गए योगदान को अतुलनीय बताया और उनके सुखमय भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को कठिन परिस्थितियों में बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आभार व्यक्त किया एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। इसके साथ ही लक्ष्मीकांत पांडेय ने कहा कि एनसीएल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पूर्ण समर्पण, लगन के साथ कार्य करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही दलजीत सिंह ने सेवानिवृत्ति को जीवन की एक नई शुरुआत बताते हुए एनसीएल की कार्य संस्कृति की सराहना की। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए।

# एनटीपीसी कॉलोनी में धू-धूकर जल गई कार

## एनएच-1 कॉलोनी की घटना, सीआईएसएफ एवं फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 मार्च। एनटीपीसी विंध्यनगर कॉलोनी के एनएच-1 क्षेत्र में आज दिन सोमवार की शाम के वक्त एक खड़ी कार में अचानक आग लगी और देखते ही देखते कार धू-धूकर जल गई। हालांकि सीआईएसएफ एवं दमकल जब तक में पहुंचता, तब तक में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एनटीपीसी विंध्याचल के एनएच-1 क्वाटर नम्बर 271 के सामने नगर निगम सिंगरौली में पदस्थ आरसी शर्मा के यहां रामफल मित्तल आये थे और कार



को घर के सामने खड़ी कर, जैसे ही आरसी शर्मा के कमरे के अंदर प्रवेश किय, अचानक कार से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ज्वाला का रूप धारण कर ली। वहीं सीआईएसएफ एवं दमकल की टीम मौके पर पहुंचती, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि वाहन को बचाया नहीं जा सका। बताया जा रहा है कि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी विंध्यनगर पुलिस को दी गई है। टीआई अर्चना द्विवेदी के अनुसार प्रथम दृष्टिया में शॉट सर्किट कारण हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 3 आरोपी व दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**उज्जैन.** जिले के झारडा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों और दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. बोरखेड़ी निवासी नाबालिग के साथ तीन दिन पूर्व स्कूल के लंच ब्रेक के दौरान सहपाठी और उसके रिश्तेदार द्वारा अनैतिक कृत्य किया गया. विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने परिजनों के साथ झारडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई. पुलिस ने 28 मार्च को मुखबिर की सूचना पर दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया, जबकि 29 मार्च को शेष आरोपी भंवरसिंह, राहुल और नाथुलाल को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है.

# अवैध रेत उत्खनन पर सोन नदी के तारिहा घाट में दबिश, मिनी ट्रक जब्त

**खनिज माफियाओं के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 30 मार्च, पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में जिले में खनिज माफियाओं के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।**

इसी तारतम्य में थाना सेमरिया पुलिस ने सोन नदी के तारिहा घाट (हनुमानगढ़) में दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन की कोशिश को नाकाम करते हुए वाहन जब्त कर बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी सेमरिया उपनिरीक्षक केदार परौहा को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त



हुई कि ग्राम मड़वा निवासी राजकुमार सिंह उर्फ भयंकर सिंह अपने टाटा 407 वाहन क्रमांक एमपी 17 जी 2159 में हनुमानगढ़ स्थित सोन नदी के तारिहा घाट से अवैध रेत का उत्खनन कर लोड कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस की आहट पाते ही आरोपी चालक पकड़े जाने के डर से वाहन को नदी में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब वाहन की जांच की, तो उसमें आधी ट्राली अवैध रेत लोड पाई गई। पुलिस ने सुबह लगभग 5 बजे वाहन टाटा 407 और अवैध रेत को विधिवत जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) ?बीएनएस , धारा 4.21 खान खनिज अधिनियम, धारा 27, 29, 39, 41 ?वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम ,धारा 2, 41, 51 ?भारतीय वन अधिनियम , धारा 51 (1-3-5) ?म.प्र. गौण खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी सेमरिया उपनिरीक्षक केदार परौहा, सउनि तुलसी दास रावत, प्रधान आरक्षक पंकज विश्वकर्मा, आरक्षक मनीष शुक्ला, विनीत सिंह, अमित तिवारी और रवि सिंह का विशेष योगदान रहा।

### अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन सख्त, मार्ग अवरुद्ध कर की गई कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी खनि निरीक्षक शिशिर यादव एवं देवेंद्र महोबे के नेतृत्व में खनिज विभाग एवं थाना कुसमी के संयुक्त दल द्वारा ग्राम गोतरा स्थित गोपद नदी घाटों में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 29 मार्च 2026 को संयुक्त दल द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन में प्रयुक्त मार्ग को गड्ढा खोदकर अवरुद्ध किया गया, ताकि रेत के अवैध परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके। यह कार्रवाई 28 मार्च 2026 को कुसमी (टमसार) में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप की गई है।

**वाहन जब्ती की भी कार्रवाई-** उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 26 मार्च 2026 को खनिज विभाग की टीम द्वारा गोतरा एवं आसपास के क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान दो हाइवा वाहन क्रमशः एमपी 53 जेडई 8899 एवं बिना नंबर का वाहन एमएटी 448236 जेएए 01437 को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। दोनों वाहनों को नियमानुसार जब्त कर उनके चालकों/स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पेज एक का शेष

# राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी

### विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहें : वासुदेव

अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा, वासुदेव देवनानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब जनता, विधायिका और शासन की प्रक्रियाओं के बीच पारदर्शिता और सहभागिता बढ़े. उन्होंने कहा कि विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अध्ययन, चिंतन और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें. एक प्रभावी विधायक वही है जो सदन की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग ले, प्रश्न पूछे, मुद्दों पर तैयारी के साथ चर्चा करे और जनता से जुड़े विषयों को गंभीरता से उठाए.

**बड़ी जनसंख्या के आकांक्षाओं को वाणी देते हैं विधायक : विजयवर्गीय...**प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधायक होना बहुत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है, विधायक बड़ी जनसंख्या की आशाओं, आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी दुख, तकलीफों, अपेक्षाओं को वाणी प्रदान करते हैं. विधायकगण अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने युवा विधायकों को संयत व्यवहार रखने, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके निराकरण की ठोस कोशिश करने, कार्यालय प्रबंधन के लिए संवेदनशील और सक्रिय स्टाफ रखने, अद्यतन डिजिटल तकनीकों के उपयोग में समय के साथ चलने की सलाह दी.

**नाम सुधार सूचना**

मै कृष्णकान्त पाण्डेय पिता श्री कन्हैयालाल पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम डेलौरा पोस्ट बेलहटा तह.रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरे पुत्र का सही नाम करण पाण्डेय है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवस नेहल कुमार दर्ज हो गया है जो कि गलत है. अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज नाम नेहल कुमार के स्थान पर सही नाम करण पाण्डेय दर्ज किया जाए एवं इसी नाम से उसे जाना पहचाना एवं संबोधित किया जाए.